**@Shajahanpurpol**

**प्रेस नोट सराहनीय कार्य 11.11.2023**

**थाना कटरा पुलिस को मिली बडी कामयाबी**

**थाना कटरा पुलिस द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत 01 करोड़ रुपये की फाइन क्वालिटी 250 ग्राम स्मैक सहित 01 मादक पदार्थ तस्कर को किया गया गिरफ्तार।**

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद मे मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान के क्रम में व श्री संजीव कुमार बाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व श्री प्रियांक जैन, क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल निर्देशन मे थाना कटरा की पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी हासिल हुई।

दिनांक 10.11.2023 को प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कटरा की पुलिस टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराधी मे भ्रमणशील थी। तभी शमशान घाट के उत्तरी किनारे पर अस्पताल की तरफ हाईवे से करीब 100 मीटर की दूरी पर सडक पुख्ता पर समय करीब 23.10 बजे **अभियुक्त मोहम्मद असलम पुत्र अबरार अहमद अन्सारी निवासी मोहल्ला उच्चा नई वस्ती कस्वा व थाना फरीदपुर जिला बरेली** उम्र 31 वर्ष को एक प्लास्टिक की पालिथीन में 250 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कटरा पर **मु0अ0सं0 578/2023 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट** अभियुक्त मोहम्मद असलम पुत्र अबरार अहमद अन्सारी निवासी मोहल्ला उच्चा नई वस्ती कस्वा व थाना फरीदपुर जिला बरेली उम्र 31 वर्ष के विरूद्ध पंजीकृत किया गया विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय पेशी हेतु रवाना किया जायेगा। अभियुक्त से पूछताछ जारी है। पूछताछ से जो तथ्य प्रकाश मे आयेंगे उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

**गिरफ्तारी अभियुक्त का विवरणः-**

1. मोहम्मद असलम पुत्र अबरार अहमद अन्सारी निवासी मोहल्ला उच्चा नई बस्ती कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 578/23 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

**पूछताछ विवरण-**

बरामद माल के बारे में कडाई से पूछताछ की गई तो पकडे गये व्यक्ति ने बताया कि साहब यह बरामद माल मैं मौ0 रईस पुत्र इश्तियाक नि0मो0 फरीदपुर थाना फरीदपुर जिला बरेली से लाया हूँ मैं इस माल को छुपते – छुपाते कटरा लेकर आ गया था सडको के किनारे चलने वाले राहगीरों व अच्छे ग्राहक मिलने पर तथा दूरदराज जाकर ढाबो पर इस माल को बेच देता हूँ और अपने परिवार का पालन पोषण करता हूँ क्योकि यह स्मैक ( नशीला पदार्थ) अच्छे दामो में बिक जाता है।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक की पालिथीन में 250 ग्राम स्मैक बरामद होना

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 रतिराम सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. हे0का0 79 तैय्यब अली थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2517 शक्ति सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 2300 अंकित नेहरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 1784 भूरा तोमर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 493 आशीष कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।